सत्यमेव जयते

भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्यों का मंत्रालय

# डिजिटल साक्षरता




राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान
nipccd

राष्ट्रीय जन सहयोग एवं
बाल विकास संस्थान

**इस पत्रिका में निम्नलिखित विषयों पर जानकारी दी गई है:**


- डिजिटल साक्षरता
- कम्प्यूटर की कार्य प्रणाली और प्रोग्राम
- इंटरनेट और सामाजिक नेटवर्किंग
- इंटरनेट और मोबाईल एप्लीकेशनों के माध्यम से लोक सेवाओं तक पहुंच

## डिजिटल साक्षरता

> लैपटाप वह कम्प्यूटर है जो पोर्टेबल है और यात्रा करते समय उपयोग के लिए उपयुक्त है।

- डिजिटल साक्षरता वह जानकारी कौशल और व्यवहार है जिसका इस्तेमाल डिजिटल उपकरणों की व्यापक श्रृंखला जैसे डेस्कटॉप कम्प्यूटर लैपटॉप और स्मार्ट फोन को चलाने में किया जाता है।
- डिजिटल तौर पर साक्षर व्यक्ति डिजिटल कौशलों की श्रृंखला, कम्प्यूटिंग उपकरणों के बुनियादी सिद्धांतों की जानकारी, कम्प्यूटर नेटवर्कों का प्रयोग करने के कौशल, समुदायों और सामाजिक नेटवर्कों के साथ ऑन लाईन संचार करने में समर्थ होगा।

## कम्प्यूटर




- कम्प्यूटर एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है जिसका इस्तेमाल जटिल परिकलन करने, साधारण पत्र लिखने, मल्टीमीडिया अनुप्रयोगों को बनाने, वित्तीय लेखाकरण तथा बैंकिंग अनुप्रयोगों, एयरलाईन्स/रेलवे टिकटें इत्यादि बुक करने जैसे विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए किया जाता है।
- यह डाटा (आंकड़ों) को अर्थपूर्ण जानकारी में रूपांतरित कर देता है। आंकड़े कुछ भी हो सकते हैं जैसे विभिन्न विषयों में हासिल किए गए अंक। इनमें किसी कक्षा के सभी विद्यार्थियों के नाम, आयु, वजन, ऊंचाई इत्यादि भी हो सकते हैं।
- कम्प्यूटर में इनपुट उपकरण, सैंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (सी पी यू) और आउट पुट उपकरण शामिल हैं।

### कम्प्यूटर के घटक

**इनपुट उपकरण**

- इनका प्रयोग जानकारी दर्ज (एंटर) करने के लिए किया जाता है।
- उदाहरण कीबोर्ड, माउस या ध्वनि (आवाज) इनपुट के लिए माइक्रोफोन।

**सैंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट**

- यह कम्प्यूटर का मस्तिष्क है।
- कम्प्यूटर के सभी कार्यों को क्रम के अनुसार प्रोसेस करता है।
- इसमें नियंत्रण (कंट्रोल) यूनिट, स्मरण शक्ति (मैमोरी) यूनिट और गणित (अर्थमैटिक) एवं तर्क (लोजिक) यूनिट शामिल है।

**आउटपुट उपकरण**

- प्रोसेस की गई जानकारी को आउटपुट के रूप में लौटाता है।
- आउटपुट को आउट पुट उपकरणों जैसे प्रिंटर, मानीटर या स्पीकर पर मुद्रित या प्रदर्शित अथवा सुना जा सकता है।

## कम्प्यूटर की कार्य प्रणाली

कम्प्यूटर और इंटरनेट हमारे रोजाना के जीवन का भाग बन गए हैं। दस्तावेजों का सृजन करने से लेकर मित्रों तथा परिवार के सम्पर्क में रहने, फाइलों और चित्रों की साझेदारी करने के लिए हर जगह कम्प्यूटर की आवश्यकता होती है।

Tips for Computer Beginners

- Be patient with yourself.
- Ask for help at any time.
- Go at your own pace – don't compare yourself with anyone else.
- Don't panic.
- Practice makes perfect.
- Computers are also for fun. You can play games, listen to music and watch films.

## कम्प्यूटर प्रोग्राम

कम्प्यूटर किसी भी व्यक्ति को माइक्रो साफ्ट वर्ड और पावर प्वाईंट जैसे प्रोग्रामों का इस्तेमाल कर दस्तावेज बनाने, उन्हें संपादित करने और प्रस्तुति तैयार करने की सुविधा देता है।

## माइक्रोसाफ्ट वर्ड

- वर्ड का इस्तेमाल किसी भी ऐसे दस्तावेज को तैयार करने में किया जा सकता है जिसमें ट्रेक्स्ट (पाठ), चित्र, चार्ट तथा आरेख आदि हों।
- आवेदनपत्र, बायोडाटा तथा पत्र इत्यादि जैसे दस्तावेज भी तैयार किए जा सकते हैं।

## माइक्रोसाफ्ट पावर प्वाईंट

- पावर प्वाईंट का इस्तेमाल प्रस्तुति तैयार करने के लिए किया जाता है। पावर प्वाईंट हमें आकारों और कनेक्टरों की लायब्रेरी का प्रयोग कर आरेख बनाने की सुविधा देता है।
- पावर प्वाईंट का इस्तेमाल सूचनाप्रद नोटिस और पोस्टर तैयार करने में किया जा सकता है। विषयों को सोदाहरण समझाने या अनुदेश देने के लिए क्लिप आर्ट या कस्टम ग्राफिक्स का प्रयोग किया जा सकता है।

## इंटरनेट

- इंटरनेट दूरभाष लाइनों, केबलों और उपग्रह द्वारा परस्पर एक दूसरे से जुड़े कम्प्यूटरों का विश्वव्यापी नेटवर्क (संजाल) है। यह जानकारी के एक विशाल पुस्तकालय की भांति है।

### इंटरनेट के फायदे और नुकसान

**फायदे**

- संचार
- सूचना
- मनोरंजन
- ई–वाणिज्य
- लोक सेवाओं तक पहुंच

**नुकसान**

- यक्तिगत जानकारी की चोरी
- वायरस का खतरा
- पोर्नोग्राफी

- जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाने में सहायता करने के लिए इंटरनेट में हजारों सेवाएं उपलब्ध हैं। उदाहरणार्थ, अनेक वित्तीय संस्थाएं ऑनलाइन बैंकिंग प्रदान करती हैं जिससे प्रयोगकर्ता अपने खातों का ऑन लाईन प्रबंधन और अवलोकन कर सकते हैं।
- इंटरनेट पर जानकारी वेबसाइटों में और वेब पृष्ठों पर दी जाती है।
- इंटरनेट पर सम्पर्क साधने के लिए इंटरनेट सेवा प्रदाता की आवश्यकता होती है जो मोबाइल कम्पनी या लैंड लाईन फोन कम्पनी हो सकती है।

> - **विश्वव्यापी वेब:** विश्वव्यापी वेब या मात्र वेब इंटरनेट के माध्यम पर जानकारी प्राप्त करने का तरीका है। वेब वेबपृष्ठों और वेबसाइटों से निर्मित है।
> - **वेबपृष्ठ:** विशेष रूप से प्रारूपित दस्तावेज हैं जिसमें मूल पाठ, ग्राफिक्स, हाईपर लिंक, श्रव्य सामग्री, एनीमेशन और दृश्य सामग्री शामिल हैं।
> - **वेबसाईट** वेब पृष्ठों का संग्रह है।

## इंटरनेट पर खोजना

- इंटरनेट पर लाखों वेबसाइटें तथा वेबपृष्ठ हैं। इस पर हम लगभग सब कुछ खोज सकते हैं– पाक विधियों तथा स्थानीय समाचारों से लेकर इतिहास व बागवानी के लिए सुझाव तक कुछ भी।
- इंटरनेट पर प्रभावपूर्ण ढंग से खोज करने के लिए सर्च इंजन की आवश्यकता होती है। सर्च ईंजन इंटरनेट पर हजारों वेबसाइटों और वेब पृष्ठों को स्कैन करता है तथा सर्वाधिक संगत समझी जाने वाली जानकारी को एकत्रित और व्यवस्थित करता है।
- कुछ सर्वाधिक लोकप्रिय सर्च ईंजन हैं:–
    - **गूगल:** www.google.com
    - **याहू:** www.yahoo.com
    - **बिंग:** www.bing.com
    - **आस्क:** www.ask.com

**इंटरनेट की उपयोगिता**

| | | |
|---|---|---|
| संचार | जानकारी | सामाजिक नेटवर्किंग |
| नौकरी की तलाश | बैंकिंग | मनोरंजन |
| ऑनलाइन खरीदारी | व्यवसाय | कृषि संबंधित जानकरी |
| सरकार की कल्याण योजनाओं का लाभ उठाना | मौसम की जानकारी और अपडेट | |

## सामाजिक नेटवर्किंग

- इंटरनेट सामाजिक अंतःक्रियाओं, गतिविधियों और सामाजिक संगठनों को नया स्वरूप प्रदान करने में कामयाब रहा है।

- सामाजिक नेटवर्किंग सेवा (साथ ही सामाजिक नेटवर्किंग साईट या एस एन एस भी) ऐसे लोगों के बीच सामाजिक नेटवर्किंग या सामाजिक संबंधों का निर्माण करने का मंच है जिनकी रूचियां, गतिविधियां, भूमिकाएं या वास्तविक जीवन मेल खाते हैं।
- समाज नेटवर्क सेवा में प्रत्येक उपयोगकर्ता का चित्रण या निरुपण (अक्सर प्रोफाईल) उसके सामाजिक सम्पर्क और विविध प्रकार की अन्य अतिरिक्त सेवाएं शामिल हैं।
- इन साइटों के उपयोगकर्ता समान रूचियों को आगे बढ़ाने तथा अन्यों के साथ सम्पर्क साधने के लिए इन पृष्ठों में विविध प्रकार की जानकारी जोड़ सकते हैं। इन साइटों पर मौजूद समूहों के बीच संचार हेतु परिचित लोगों का पता लगाना भी संभव है।

## कुछ लोकप्रिय सामाजिक नेटवर्किंग मंच

| | |
|---|---|
| समाजीकरण और परस्पर क्रिया | • फेसबुक<br>• ट्विटर |
| चित्रों की साझेदारी | • इंस्टा ग्राम<br>• पी इंटरेस्ट<br>• फ्लिकर<br>• टम्बलर |
| वीडियों साझेदारी/कान्फ्रेंसिंग | • यू ट्यूब<br>• स्काइप<br>• टैंगो |
| पाठ तथा श्रव्य/दृश्य साझेदारी | • वाट्स एप<br>• टैंगो<br>• वाइन<br>• टेलीग्राम |
| व्यवसाय और वाणिज्यिक | • लिंकडइन |


## कुछ महत्वपूर्ण वेबसाइट

| | |
|---|---|
| अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय | **www.minorityaffairs.gov.in** |
| अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय | **www.scholarships.gov.in** |
| महिला और बाल विकास मंत्रालय | **wcd.nic.in** |
| एम डब्ल्यु सी डी ट्विटर हैंडल | **@MinistryWCD** |
| पोषण संसाधन मंच | **poshan.nic.in** |

| | |
|---|---|
| स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय | www.mohfw.nic.in |
| एम डब्ल्यु सी डी यूट्यूब चैनल | www.youtube.com/user/ministrywcd |
| बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ यूट्यूब चैनल | www.youtube.com/user/BetiBachaoBetiPadhao |
| मानव संसाधन विकास मंत्रालय | mhrd.gov.in |
| एमएचआरडी यूट्यूब चैनल | www.youtube.com/user/HRDMinistry |
| राष्ट्रीय महिला आयोग | ncw.nic.in |
| ट्रैक चाईल्ड | www.trackthemissingchild.gov.in |
| विकासपीडिया | vikaspedia.in |
| सार्वजनिक वितरण प्रणाली | www.pdsportal.nic.in |
| लोक शिकायत प्रणाली | pgportal.gov.in |
| सूचना का अधिकार | righttoinformation.gov.in, rtionline.gov.in |
| भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (आधार) | eaadhaar.uidai.gov.in |
| राष्ट्रीय रोजगार कार्यालय | www.employmentservice.nic.in |

## इंटरनेट और मोबाईल एप्लीकेशनों के माध्यम से लोक सेवाओं तक पहुंच

### राशन कार्ड



- राशन कार्ड एक अत्यंत उपयोगी दस्तावेज है जिसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जारी किया जाता है ताकि उचित दर की दुकानों से अनिवार्य वस्तुओं की खरीद की जा सके।

## ऑनलाइन आवेदन में निम्नलिखित चरण शामिल हैं:–

1. वैध मोबाइल नम्बर का इस्तेमाल कर नए उपयोगकर्ता के रूप में पंजीकरण करें।
2. पंजीकृत मोबाइल नम्बर और पासवर्ड का प्रयोग कर लॉग–इन करें।
3. आवेदन पत्र भरने के लिए की राशन कार्ड जांच सूची को पढ़े।
4. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरें जिसमें 6 चरण शामिल हैं:–

   चरण 1: बैंक खाते की विस्तृत जानकारी

   चरण 2: बुनियादी जानकारी

   चरण 3: पते की विस्तृत जानकारी

   चरण 4: परिवार की विस्तृत जानकारी

   चरण 5: संलग्नक (फोटोग्राफ, पहचान का प्रमाण, पते का प्रमाण)

   चरण 6: एन एफ एस ए मानदंड
5. सफलतापूर्वक आवेदन पूरा कर लेने के पश्चात एक प्रालेख पावती स्क्रीन पर आ जाएगी।
6. पावती की जांच करें और यह देखें की कोई गलती तो नहीं रह गई। इसके पश्चात आवेदन पत्र को लॉक कर दें।

सफलतापूर्वक ऑनलाइन आवेदन जमा होने के पश्चात, आवेदन पत्र स्वतः ही सत्यापन हेतु संबंधित प्राधिकारी को चला जाएगा और राशन कार्ड जारी कर दिया जाएगा।

राशन कार्ड जारी करना राज्य सरकार का उत्तरदायित्व है; अतः आवेदन प्रारुप हर राज्य में एक दूसरे से थोड़ा बहुत भिन्न हो सकता है।

## मतदाता पहचानपत्र/निर्वाचक फोटो पहचान पत्र

- मतदाता पहचान पत्र भारतीय नागरिकों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दस्तावेज है। यह मत डालने के लिए अनिवार्य है तथा इसका प्रयोग अनेक उद्देश्यों के लिए विधिक दस्तावेज (पहचान का प्रमाण) के रूप में भी किया जाता है।



- मतदाता पहचान पत्र किसी भी ऐसे व्यक्ति को जारी किया जा सकता है जो:–
  - भारत का नागरिक हो
  - जिसकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो
- मतदाता बनने के लिए हमें आवेदन पत्र 6 को भरना होगा।
- इस प्रपत्र के एक बार स्वीकृत हो जाने के पश्चात आवेदक का नाम मतदाता के रूप में निर्वाचक नामावली में शामिल कर लिया जाएगा।

### ऑनलाइन आवदेन

चरण 1: संबंधित राज्य में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के होम पृष्ठ पर 'नामांकन ऑनलाइन' पर जाएं।

चरण 2: नए उपयोगकर्ता को उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड प्राप्त करने के लिए साईन अप करना होगा।

चरण 3: प्रपत्र में उल्लिखित स्थान पर एक पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटोग्राफ अपलोड करें।

चरण 4: प्रपत्र में उल्लिखित स्थान में निम्न दस्तावेज अपलोड करें।

(क) निवास स्थल का प्रमाण (जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, बैंक की पास बुक, विनिर्दिष्ट पते पर नाम से प्राप्त कोई डाक पत्र, इत्यादि)

(ख) आयु का प्रमाणपत्र जैसे जन्म प्रमाणपत्र, विद्यालय छोड़ने का प्रमाणपत्र इत्यादि। तथापि, यह केवल तभी अपेक्षित है यदि आयु 18 और 21 वर्ष के बीच है।

➢ यदि दस्तावेजों को अपलोड करने में कोई समस्या हो तो बूथ स्तर का अधिकारी (बी एल ओ) जानकारी को सत्यापित करेगा और आवेदक के निवास स्थल से दोनों दस्तावेज ले लेगा।

➢ आवेदक से निवास स्थल का प्रमाण और आयु का प्रमाण प्राप्त करेगा (यदि इन्हें अपलोड नहीं किया गया है) सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात, मतदाता पहचान पत्र स्पीड डाक के माध्यम से डिलीवर किया जाता है।

## आधार

➢ आधार भारत सरकार की ओर से भारत के विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया एक 12 अंकीय विशिष्ट पहचान संख्या है जो भारत में कहीं भी पहचान और पते के प्रमाण के उद्देश्य को पूरा करती है।

➢ आधार संख्या सीधे लाभ हस्तांतरण के लिए बैंकिंग, एल पी जी कनेक्शन तथा अन्य सरकारी योजनाओं जैसी सेवाओं तक पहुंच में सहायक है।

### आधार स्टेट्स (मोबाइल एप्लीकेशन)

यह अनुप्रयोग नागरिक को किसी भी समय आधार की स्थिति का पता लगाने के काबिल बनाता है।




**आधार स्टेटस**
एम गवर्नेन्स टीम
★★★★☆ फ्री

### माय आधार (मोबाइल एप्लीकेशन)




**माय आधार**
एम गवर्नेन्स टीम
★★★★☆ फ्री

भारत में प्रत्येक निवासी को आधार जारी करने की पहल का एक महत्वाकांक्षी उद्देश्य है कि निवासी कहीं भी किसी भी समय अपनी पहचान बताने में समर्थ हो। आधार मंच सेवा प्रदाता को निवासी की पहचान को इलेक्ट्रॉनिक रूप से सुरक्षित और त्वरित तरीके से उपलब्ध करवाता है। जिससे सेवाओं की डिलीवरी अधिक प्रभावी और दक्ष बन जाती है।

इस मोबाइल अनुप्रयोग से आधार कार्ड धारी आधार कार्ड को सीधे ही डाउनलोड कर सकता है।

## आधार लिंकिंग (मोबाइल एप्लीकेशन)




यह अनुप्रयोग नागरिकों को 12 अंकीय विशिष्ट आधार संख्या को अपने वैयक्तिक पहचान दस्तावेजों के साथ या लाभ कार्डों के साथ संबंधन करना अनुमत करता है जैसे

- छात्रवृत्ति
- पेंशन पहचान पत्र
- महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) जॉब कार्ड
- एल पी जी उपभोक्ता पहचान

**आधार को व्यक्तिगत पहचान के साथ संबद्ध करने की प्रक्रिया**

अवस्थिति (लोकेशन) ब्यौरे प्रविष्ट करें (अवस्थिति ब्यौरे–राज्य और जिले का नाम)

↓

लाभ के प्ररूप तथा ब्यौरो का चयन करें जिसे आधार संख्या के साथ संबद्ध किया जाना है।

↓

12 अंकीय आधार संख्या और सम्पर्क ब्यौरे, मोबाइल संख्या और ई मेल भरें।

↓

मोबाईल पर भेजे गए ओ टी पी (वन टाइम पासवर्ड) और प्रदर्शित सुरक्षा कोड को भरें और जमाकरें।

↓

पंजीकरण का अनुरोध करें।

## स्थायी खाता संख्या (पैन)

- पैन एक कोड है जो विशेषकर उनके लिए पहचान का कार्य करता है जो आयकर अदा करते हैं।
- यह केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सी बी डी टी) के पर्यवेक्षणाधीन भारतीय आयकर विभाग द्वारा जारी एक विशिष्ट 10 वर्ण की आनुवर्णिक सांख्यिक पहचान है। यह पहचान के एक महत्वपूर्ण प्रमाण का कार्य भी करता है।

**स्थायी खाता संख्या के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया**

http//tin/tin.nsdl.com/pan/form49a.html अथवा http//www.utitsl.com/utitsl/uti/newapp/newpanapplication.jsp पर पैन के लिए ऑन लाईन आवेदन करें।

वार्ड, क्षेत्र कोड तथा अन्य संख्या संबंधी जानकारी भरें, अपने कार्यालय/वैयक्तिक पते का उल्लेख करें।

भरे हुए प्रपत्र में यह जांच करने के बाद कि प्रविष्ट की गई जानकारी सही है प्रपत्र को जमा करें।

प्रस्तुतीकरण की पुष्टि होने पर पैन आवेदन के लिए एक विशिष्ट संदर्भ संख्या (पावती संख्या) सामने आएगी जिसका प्रयोग पैन आवेदन की स्थिति का पता लगाने के लिए किया जा सकता है।

सुरक्षित करके पावती पत्र को प्रिंट करें, उस पर हालिया रंगीन फोटोग्राफ चिपकाएं और पावती पर हस्ताक्षर करें।

**टिप्पणी: पैन के ऑनलाइन आवेदन के लिए 105 रुपए का डिमांड ड्राफ्ट/चैक बनाना होगा या आवेदन शुल्क ऑन लाईन भरने के लिए आप के पास क्रेडिट कार्ड होना चाहिए।**

## पासपोर्ट

- पासपोर्ट सेवा परियोजना की शुरुआत नागरिकों को व्यापक पहुंच और विश्वसनीयता के साथ एक सुविधाजनक वातावरण में पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी।
- पासपोर्ट सेवा के तहत, नए उपाय और प्रक्रिया की शुरुआत की गई है ताकि पासपोर्ट कार्यालयों में, नागरिकों को सुविधाएं देकर पासपोर्ट सेवा प्रदान करने में सुधार पारदर्शिता और बढ़ी हुई सुरक्षा सुनिश्चित करके, बेहतर शासन दिया जा सके।
- नया पासपोर्ट जारी करवाने तथा पासपोर्ट के पुनः निर्गम के लिए ई–प्रपत्र प्रस्तुतीकरण (वरीय) के जरिए या ऑनलाइन प्रपत्र प्रस्तुतीकरण के जरिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरना होगा।

### ऑनलाइन आवेदन पत्र और अपॉइंटमेंट (नियोजित भेंट)

ऑन लाईन आवेदन प्रणाली से पासपोर्ट सेवा केन्द्रों (पी एस के) में भीड़ भाड़ से बचा जा सकता है और आवेदकों के लिए प्रतीक्षा समय कम हो जाता है। निर्धारित तिथि/समय का आवंटन प्रणाली द्वारा वांछित पी एस के में अपॉइंटमेंट, स्लॉटों की उपलब्धता के अनुसार स्वतः कर दिया जाता है।

### पासपोर्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया

- passportindia gov. पद पर उपयोगकर्ता नाम पंजीकृत करें और पासवर्ड प्राप्त करें।
- उपयोगकर्ता अपने नाम और पासवर्ड का प्रयोग कर लॉग इन करें।

- ऑनलाइन आवेदन भरें और ऑन लाईन जमा करें।
- "अनुसूची अपॉइंटमेंट" लिंक पर क्लिक करके नजदीकी पासपोर्ट सेवा केन्द्र पर जाने के लिए अपॉइंटमेंट लें।

- भुगतान की विधि का चयन करें या चालान लिंक का प्रयोग कर भुगतान करें_निर्दिष्ट आवेदन शुल्क सहित चालान नजदीकी भारतीय स्टेट बैंक शाखा में जमा करें।

- आवेदन पावती का प्रिंट आउट लें और दी गई निर्धारित तिथि/समय को पासपोर्ट सेवा केन्द्र जाते समय उसे साथ लेकर जाएं।


> **टिप्पणी: शिशुओं सहित सभी आवेदकों के लिए यह अनिवार्य है कि वे पी एस के पर अपने बायो मैट्रिक्स तथा फोटोग्राफ देने के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों।**

## एम पासपोर्ट सेवा (मोबाइल एप्लीकेशन)

➢ विदेश मंत्रालय की पासपोर्ट सेवा परियोजना का लक्ष्य भारतीय नागरिकों को त्वरित, सुविधाजनक और पारदर्शी तरीके से सभी पासपोर्ट संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराना है।

➢ लोक सेवाओं का मोबाईल समर्थीकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विदेश मंत्रालय ने स्मार्ट फोन उपयोगकर्ताओं को विविध प्रकार की सेवाओं की पेशकश करने के लिए मोबाइल एप्लीकेशन रउचंेचवतज `मअं (एम पासपोर्ट सेवा) की शुरूआत की है, जैसे

- पासपोर्ट आवदेन स्थिति का पता लगाना
- पासपोर्ट सेवा केन्द्र की अवस्थिति (लोकेशन) का पता लगाना
- पासपोर्ट प्राप्त करने में शामिल विविध चरणों की सामान्य जानकारी



**एम पासपोर्ट सेवा**
कार्यालय, पासपोर्ट ऑफ
★★★★ फ्री

## ई–परिवहन

राष्ट्रीय ई–सरकार कार्यक्रम (एन ई जी पी) के तहत, ई–परिवहन सेवाओं में हवाई, रेल तथा सड़क परिवहन शामिल है जो निम्न के लिए सहायक है:–

- ➢ रेलगाड़ी की टिकट ऑनलाइन बुक करने में
- ➢ चल रही रेलगाड़ियों की स्थिति का ऑनलाइन पता लगाने में
- ➢ राष्ट्रीय संग्रहालय का दौरा करने में
- ➢ एयर इंडिया की टिकटें बुक करने में




## इंडियन रेलवे कैटरिंग एन्ड टूरीज्म कारपोरेशन (आई आर सी टी सी) कनेक्ट (मोबाईल एप्लीकेशन)

यह भारत में कहीं से भी रेलवे टिकटों का एम–आरक्षण अनुमत करने वाली भारतीय रेलवे की एप्लीकेशन है।

### विशेषताएं:

- ➢ विद्यमान उपयोगकर्ताओं के लिए एक चरण लॉग–इन उपलब्ध कराती है।
- ➢ रेलगाड़ी की टिकटें ढूंढने और बुक करने की सुविधा देती है।
- ➢ टिकटें देखने और रद्द करने की सुविधा देती है।
- ➢ हाल ही में शामिल किए गए यात्री ब्यौरो को सुरक्षित रखती है।
- ➢ नए उपयोगकर्ता एपलीकेशन से सीधे पंजीकरण कर सकते हैं।
- ➢ आगामी यात्रा के लिए सचेत करने की सुविधा है।

**आई आर सी टी सी कनेक्ट**
आई आर सी टी सी ऑफिशियल

★★★★ फ्री

## ई–डाक और संचार सेवाएं

डाक और संचार विभाग विश्व का सबसे पुराना तथ्य सर्वाधिक व्यापक रुप से इस्तेमाल की जाने वाली डाक सेवाओं में से एक है जो अब लोगों को सेवा उपलब्ध कराने के लिए संचार प्रौद्योगिकी का प्रयोग करता है। ई–डाक और संचार सेवाएं इस्तेमाल करने वालों को निम्न सुविधाएं उपलब्ध कराती हैं:

- ➢ ई–डाक के जरिए संदेश भेजना।
- ➢ तत्काल धनादेश (आईएमओ) के जरिए धन भेजना।
- ➢ स्पीड डॉक की स्थिति का ऑनलाइन पता लगाना।
- ➢ अंतरराष्ट्रीय सब्सक्राइबर डायलिंग कोड (आईएसडी) की ऑनलाइन खोज करना।
- ➢ डाक प्रभारों की ऑनलाइन गणना करना।
- ➢ ऑनलाइन दूरभाष निर्देशिका "पर नम्बर ढूढ़ना"।

## इण्डिया पोस्ट ट्रैकर (मोबाइल एप्लीकेशन)

इण्डिया पोस्ट की ऑन लाईन ट्रैकिंग सेवा में बुकिंग के समय एक ट्रैकिंग संख्या दी जाती है जिसका प्रयोग कर ट्रैकिंग जानकारी तक पहुंचने और वस्तु के वितरण की पुष्टि करने में मदद मिलती है।

## क्या ट्रैक किया जा सकता है?

- स्पीड डाक (डोमेस्टिक एक्सप्रेस मेल सेवा) (ईएमएस)
- अंतरराष्ट्रीय एक्सप्रेस डाक सेवा
- इलेक्ट्रानिक धनादेश (ईएमओ)
- पंजीकृत डाक
- त्वरित (एक्सप्रेस) पार्सल
- इलेक्ट्रोनिक मूल्य संदेय पार्सल (ईवीपीपी)



इण्डिया पोस्ट ट्रैकर
एम गवर्नेन्स टीम
★★★★ फ्री

## यह कैसे कार्य करता है?

ट्रैकिंग प्रणाली को समय समय पर अद्यतन बनाया जाता है ताकि भेजे जाने वाली वस्तु कहां पहुंची है और उसकी स्थिति क्या है के बारे में सर्वाधिक ताजी जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। इस प्रणाली में दी जाने वाली जानकारी में निम्नलिखित शामिल हैं:

- बुकिंग की तिथि और समय।
- यात्रा के दौरान विभिन्न अवस्थलों (लोकेशन) पर प्रेषण तथा प्राप्ति की तिथि और समय।
- वितरण की तिथि और समय।
- वस्तु कब प्रदान की जाएगी इसके समय और तारीख का सूचना नोटिस जो प्राप्तकर्ता को वस्तु वितरण की सूचना उपलब्ध कराता है।




इण्डिया स्पीड पोस्ट ट्रैकर
एम गवर्नेन्स टीम
★★★ फ्री

## इण्डिया स्पीड पोस्ट ट्रैकर

स्पीड पोस्ट के लिए इण्डिया पोस्ट की ऑनलाइन ट्रेकिंग से हम बुकिंग के समय दी जाने वाली ट्रैकिंग संख्या द्वारा प्रेषित वस्तु के बारे में ट्रैकिंग जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा उसके वितरण की पुष्टि कर सकते हैं।

## ई–शैक्षिक सेवाएं

- ऑनलाइन अधिगम इंटरनेट के माध्यम से शैक्षिक जानकारी प्रदान करने की विधि है।
- यह नम्य और अपनी रफ्तार से चलने वाली है और दूरस्थ शिक्षा के लिए उपयुक्त है।
- शिक्षा में आईसीटी के प्रयोग ने उन अध्येताओं तक पहुंचना संभव बना दिया है जो दूरदराज के स्थानों से शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं।

## रोजगार कार्यालय

रोजगार कार्यालय योग्यता और अनुभव के आधार पर रोजगार सहायता उपलब्ध कराने वाला संगठन है। भारत के विभिन्न राज्यों में नियोजन विभाग संबंधित राज्यों में रह रहे बेरोज़गार शिक्षित युवाओं को उस राज्य के भिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध नौकरियों के लिए पहले से पंजीकृत करा देता है।

### रोजगार कार्यालय के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया

ऑनलाइन पंजीकरण के लिए राज्य रोजगार कार्यालय की वेबसाईट पर जाएं। एकांउट बनाएं और क्रिडेन्शियल का प्रयोग कर राज्य रोजगार कार्यालय में लॉग इन करें।

भरा हुआ प्रपत्र जमा करें तथा पावती को प्रिंट कर लें जिसमें भविष्य में संदर्भ हेतु पंजीकरण संख्या, पंजीकरण की तिथि और रोजगार का नाम लिखा होगा।

पंजीकरण की तिथि से 15 दिन के भीतर रोजगार कार्यालय के शिक्षा, अनुभव, जाति, खेलकूद, विकलांगता, भूतपूर्व सैनिक, विधवा, स्वतंत्रता सेनानी के समर्थन में संगत प्रमाण पत्र और निवास का प्रमाण प्रस्तुत करें।

रोजगार कार्यालय पंजीकरण की नवीकरण तिथि सहित पंजीकरण संख्या वाला पंजीकरण कार्ड जारी करेगा।

**Note:** Apart from the above documents one needs to submit documents as residence proof (*Ration* Card, Voter ID Card, Certificate from Municipal Councilor/*Sarpanch*, Proof of job in the state of either of the parents, Certificate of Education in the state, Letter from Gazetted Officer or School Head, Certificate issued by an MLA/MP, Domicile Certificate).

## ई–शिकायत निवारण

- जनता–सरकार इन्टरफेस या बातचीत के दौरान नागरिकों को लग सकता है कि उनके साथ अन्याय हुआ है जो वास्तविकता में हुआ हो या उन्हें ऐसा महसूस हुआ हो। यह अन्याय ही शिकायत के वैद्य आधार बनते हैं।
- शिकायतों का निवारण करने के लिए, केन्द्र सरकार ने लोक शिकायतों के लिए एक पोर्टल स्थापित किया है। एक यूनीफार्म रिसोर्स लोकेटर (यूआरएल) की सूची अनुलग्नक 60 पर संलग्न है। जो नागरिकों को सीधे संबंधित विभाग से जोड़ती है।

## ऑनलाइन बैंकिंग (ओएलबी)

- ऑनलाइन बैंकिंग एक इलेक्ट्रानिक भुगतान प्रणाली है जो किसी बैंक के ग्राहकों को बैंक द्वारा संचालित वेबसाईट पर वित्तीय लेनदेन करने में समर्थ बनाती है।
- ऑनलाइन बैंकिंग को इंटरनेट बैंकिंग, ई–बैंकिंग तथा वर्चुअल बैंकिंग भी कहा जाता है।
- ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं में निम्न शामिल हैः
    - **खाते का विवरणः** बैंक खाते के विवरण, खाते में शेष राशी देख सकते हैं, विवरणी काफी कुछ और डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही डीमैट, ऋण और क्रेडिट कार्ड खाते के ब्यौरे सभी एक ही स्थान पर देख सकते हैं।

- **निधि अंतरण:** उसी बैंक में अन्य खातों में या अन्य बैंकों के खाते में, अपने स्वयं के खातों में निधियां अंतरित कर सकते हैं।
- **अनुरोध सेवाएं:** चेकबुक, डिमांड ड्राफ्ट इत्यादि के लिए अनुरोध कर सकते हैं।
- **निवेश सेवाएं:** बैंक में पूर्ण पोर्टफोलियों को देख सकते हैं, सावधि जमा कर सकते हैं।
- **मूल्य वर्द्धित सेवाएं:** बिलों का भुगतान, मोबाइल रिचार्ज, ई-विवरणी तथा एसएमएस बैंकिंग के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं।

**इंटरनेट बैंकिंग का प्रयोग करने हेतु चरण**

ग्राहक को बैंक में इंटरनेट बैंकिंग के लिए पंजीकरण कराना होगा।

एक बार पंजीकरण करा लेने के बाद ग्राहक को ग्राहक नाम प्रदान किया जाता है तथा उसके द्वारा एक पासवर्ड बनाया जाना अपेक्षित है।

ऑनलाइन बैंकिंग का लाभ उठाने के लिए ग्राहक बैंक की सुरक्षित वेबसाईट पर जाएगा और ग्राहक नाम या पहले बनाया गया पासवर्ड प्रयोग कर ऑनलाइन बैंकिंग सुविधा में प्रवेश करेगा।

ग्राहक अब यथापेक्षित बैंक सेवाओं का प्रयोग कर सकता है।

## मोबाइल बैंकिंग

बैंकों के मोबाइल एप्लीकेशनों का इस्तेमाल करके भी बैंकिंग की जा सकती है।

**मोबाईल बैंकिंग सेवाएं**

| खाते की जानकारी | लेनदेन | सहायता |
|---|---|---|
| ▪ मिनी विवरणी तथा खाता इतिहास की जांच<br>▪ खाता गतिविधि संबंधी एलर्ट<br>▪ सावधि जमाराशियों का निरीक्षण<br>▪ ऋण विवरणियों तक पहुंच<br>▪ कार्ड विवरणी तक पहुंच<br>▪ म्यूचुअल फंड/इक्विटी विवरण<br>▪ बीमा पालिसी प्रबंधन | ▪ ग्राहक के संबद्ध खातों के बीच निधि अंतरण<br>▪ तीसरे पक्षकारों का भुगतान जिसमें बिल भुगतान तथा तृतीय पक्षकार को निधि अंतरण शामिल है | ▪ ऋण हेतु अनुरोधों की स्थिति जिसमें बंधक अनुमोदन तथा बीमा सुरक्षा शामिल है<br>▪ चेक पुस्तिका और कार्ड अनुरोध की जांच<br>▪ जानकारी संदेशों और ई मेल विनिमय जिसमें शिकायत प्रस्तुत करना और उसकी ट्रैकिंग शामिल है<br>▪ ऑटोमैटिक टैलर मशीन _(एटीएम) स्थल लोकेटर |

## सूचना का अधिकार

सूचना के अधिकार के अनुसार प्रत्येक नागरिक को बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है तथा उसे यह जानने का अधिकार है कि सरकार किस प्रकार कार्य करती है वह क्या भूमिका निभाती है, उसके क्या कार्य हैं, आदि।

**सूचना का अधिकार के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया**

प्रपत्र भरें तथा http://rti.india.gov.in/rti_direct_complaint_podging.prp पर अपेक्षित दस्तावेज संलग्न करें।

ड्राफ्ट के रूप में सुरक्षित करें/प्रस्तुत करें पर क्लिक करें। प्रपत्र के एक बार सुरक्षित हो जाने पर एक विशिष्ट शिकायत पहचान उपलब्ध कराई जाती है।

आवेदन जमा करने के पश्चात हम http://rti.india.gov.in/rti_ckeck_request_station_prp2cat_compl पर विशिष्ट शिकायत पहचान का प्रयोग कर आवेदन की स्थिति का पता भी लगा सकते हैं।

## अन्य महत्वपूर्ण मोबाईल एप्लीकेशन्स

[illegible] 2.2 [illegible]

### बिजली के बिल का ब्यौरा

यह एक पुल सेवा है जो उपभोक्ता संख्या विनिर्दिष्ट करने पर बिजली उपभोक्ता के बिल का ब्यौरा उपलब्ध कराती है जैसे देयराशि और देय तिथि इत्यादि।

### विकासपीडिया

विकासपीडिया ब्राउजर [illegible]

- ➢ विकासपीडिया पोर्टल सामाजिक विकास के अधिक्षेत्र में जानकारी/ज्ञान तथा आईसीटी आधारित ज्ञान उत्पाद और सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए समर्पित एक बहुभाषी ज्ञान भंडार है।
- ➢ विकासपीडिया ब्राउज़र एप उपयोगकर्ताओं को उनकी अपनी पसंद की भाषा में (वर्तमान में पांच भाषाएं) विकासपीडिया पोर्टल तक सहज पहुंच प्रदान करता है जिसके लिए उन्हें यू आर एल याद नहीं रखना पड़ता।

### एम किसान

एम किसान [illegible]

यह मोबाईल एप्लीकेशन कृषकों और सभी अन्य पणधारियों को पोर्टल पर पंजीकरण करवाए बिना एम किसान पोर्टल के जरिए विभिन्न स्तरों पर विशेषज्ञों तथा सरकारी पदाधिकारियों द्वारा प्रेषित की जा रही सूचना और परामर्श प्राप्त करने में समर्थ बनाती हैं।

**प्रशिक्षक शामिल किए गए विषयों, संबंधित गतिविधियों और अनुलग्नकों के लिए प्रशिक्षण माड्यूल में चौथा दिन सत्र 3 का संदर्भ ले सकते हैं।**

प्रारूपण एवं मुद्रण फाउन्टेनहैड सोल्यूशन प्रा. लि.

सत्यमेव जयते

**भारत सरकार**
**अल्पसंख्यक कार्यों का मंत्रालय**
11 वीं मंजिल, पर्यावरण भवन
सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड
नई दिल्ली 110016

राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान
nipccd

**राष्ट्रीय जन सहयोग**
**एवं बाल विकास संस्थान (निपसिड)**
5, सीरी इंस्टीटयूशनल एरिया, हौज खास
नई दिल्ली–110016